

## नपा ने की चालानी कार्रवाई, दी समझाइश



**बड़वानी।** कलेक्टर के निर्देशन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत शहर में रोड़ और नाली में कचरा फेंकने वाले रहवासियों एवं दुकानदारों को चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही संबंधित को समझाईश भी दी जा रही है कि रोड़, खुले प्लाटों, नाले और नालियों में कचरा न फेंके। बावजूद इसके नागरिकों द्वारा कचरा बाहर फेका जा रहा है। अंजड़ रोड़ स्थित गुरुदेव ज्यूस सेंटर दुकानदार द्वारा प्रतिदिन कचरा डालकर गंदगी की जा रही थी। निकाय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत उक्त कचरे अड्डे को समाप्त किया गया, लेकिन दुकानदार द्वारा इसके बाद भी यहां कचरा डाला गया। निकाय कर्मचारियों ने दुकानदार को उक्त स्थान पर कचरा नहीं डालने के लिए मना किया। समझाईश के बाद भी कचरा फेंकने वाले पर निकाय द्वारा तत्परता से कार्रवाई कर कचरा फेंकने वाले से ही कचरा उठवाया गया। साथ ही 500 रूपए की चलानी कार्रवाई भी की। अंजड़ रोड़ स्थित शराब दुकानदार द्वारा भी दुकान के सामने गंदगी फैलाने पर 1100 का चलान किया गया। गांधी ट्रेक्टर ऑटो पाट्र्स से भी कचरा रोड़ पर फेकने के चलते 500 की चलानी कार्रवाई समझाईश दी गई कि आगे से ऐसी स्थिति बनती है, तो कचरा प्रबंधन नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## बड़वानी ने फाइनल में किया प्रवेश



**बड़वानी।** आईडीसीए के तत्वावधान में खंडवा जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंतर जिला अंडर 23 क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रविवार को बुरहानपुर व बड़वानी जिले की टीमों के बीच दो दिवसीय सेमिफायनल मैच खेला गया। बुरहानपुर टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 41 ओवर में 125 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। प्रणव ठक्कर ने 53 रन बनाए। बड़वानी की ओर से हर्षित सोलंकी ने 5, मोहित सिरोठिया 3 तथा योगेश वास्कले ने 2 विकेट लिए। जवाब में बड़वानी ने 79 ओवर में 183 रन बनाए। जिसमें अभिनंदन राठौर 54 रन, आर्यन निगवाल 41 रन, गीतेश यादव ने 23 रन बनाए। बुरहानपुर के अश्विन महाजन ने 5 तथा दीक्षांत मोहलकर ने 4 विकेट लिए। बुरहानपुर दूसरी पारी में 112 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बड़वानी के धरम जाधव ने 3 और तौफीक भुट्टो 3 विकेट लिए। बड़वानी ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 55 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीता। अथर्व शाह ने 34 और अभिनन्दन राठौर 17 रन बनाए। मेन ऑफ द मैच हर्षित सोलंकी को दिया गया। बड़वानी ने फायनल में प्रवेश किया।

## दिगंबर जैन तीर्थ निर्देशिका की लाखवीं प्रति का विमोचन आज

इंदौर. दिगंबर जैन समाज के इतिहास में 2 नवंबर का दिन स्वर्णाक्षरों में दर्ज होने जा रहा है. जैन समाज की सर्वाधिक लोकप्रिय एवं लोकोपयोगी पुस्तक 'दिगंबर जैन तीर्थ निर्देशिका' अपनी 1,00,000वीं प्रति के साथ गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान प्राप्त करने जा रही है. तीर्थ निर्देशिका समिति के अध्यक्ष हंसमुख जैन गांधी, महामन्त्री डॉ. अनुपम जैन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर का विमोचन समारोह 2 नवम्बर को प्रात: 9.30 बजे से रवीन्द्र नाट्यगृह में आयोजित होगा. समारोह के मुख्य अतिथि होंगे राज्यसभा सांसद एवं जैन जगत के वरिष्ठ नेता नवीन जैन (आगरा). अध्यक्षता करेंगे जम्बू प्रसाद जैन (गाजियाबाद), अध्यक्ष, भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी, मुंबई .इस अवसर पर देशभर से समाजसेवी, उद्योगपति, शिक्षाविद्, जैन संगठनों एवं तीर्थ क्षेत्र समितियों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और 'दिगंबर जैन तीर्थ निर्देशिका' को विश्व रिकॉर्ड प्रमाणपत्र प्रदान करेंगे. होलास सोनी, राजेन्द्र जैन महावीर ने बताया कि यह पुस्तक जैन समाज की एक जीवंत धरोहर है, जिसने देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं को तीर्थों की सटीक जानकारी उपलब्ध कराई है. समारोह में टीम अवॉर्ड महोत्सव के अंतर्गत समाज के अनेक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा.

## इंदौर में पॉलिसीबाजार ने अपना विस्तार किया



इंदौर. ऑनलाइन इंश्योरेंस प्लेटफ़ॉर्म, पॉलिसीबाज़ार ने इंदौर में नए ऑफिस का शुभारंभ किया. सेंट्रल इंडिया में बढ़ती जागरूकता और ग्राहकों की जरूरतों के साथ, पॉलिसीबाज़ार का इंदौर शहर में विस्तार इस क्षेत्र और आसपास के ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा कर और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा. 40 लोगों की टीम वाला यह नया ऑफिस, पॉलिसी खोजने और तुलना करने से लेकर, पॉलिसी ख़रीदने एवं सबसे जरूरी, क्लेम के दौरान समर्थन प्रदान करेगा साथ ही अपने ग्राहकों को उनके इंश्योरेंस के सफर के दौरान हर संभव सहायता प्रदान करेगा. इस कार्यक्रम में पॉलिसीबाजार में लाइफ इंश्योरेंस के प्रोडक्ट हेड, समीप सिंह ने कहा सेंट्रल इंडिया, और विशेष रूप से इंदौर, एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरा है जहां ग्राहक अपने परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने के प्रति उल्लेखनीय जागरूकता दिखा रहे हैं. अपनी वित्तीय समझदारी और ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों के लिए इंदौर शहर में टर्म इंश्योरेंस और इंश्योरेंस कम इन्वेस्टमेंट पॉलिसी, दोनों को अपनाने में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है. वे जीवन की अनिश्चितताओं के लिए प्लानिंग करने के लिए सक्रिय कदम उठा रहे हैं, और यहां हमारी उपस्थिति का उद्देश्य प्रत्येक ग्राहक के लिए एक्सपर्ट की सलाह और क्लेम सपोर्ट को आसान बनाना है.

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने मप्र में किया विस्तार

इंदौर. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने इंदौर के साकेत में अपनी नई शाखा (ब्रांच) खोलने की घोषणा की. इससे मध्य प्रदेश में इसकी उपस्थिति और मजबूत होगी. शाखा का उद्घाटन सम्मानित अतिथियों अग्रवाल समूह के अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल और इंडेक्स समूह के अध्यक्ष सुरेश सिंह भदौरिया की उपस्थिति में किया गया. इंदौर के सबसे प्रमुख इलाकों में से एक में रणनीतिक रूप से स्थित साकेत एचएनआई, बिजनेस लीडर्स, पेशेवरों और संपन्न एनआरआई परिवारों के मिश्रण के लिए जाना जाता है. एक प्रमुख आवासीय और वाणिज्यिक केंद्र के रूप में साकेत शीर्ष बिजनेस लीडर्स परिवारों, नौकरशाहों और उद्यमियों का घर है, जो इसे एयू एसएफबी के लिए अपनी सेवाओं के विस्तार के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है. इस शाखा के माध्यम से बैंक का लक्ष्य इंदौर में व्यक्तियों, पेशेवरों और छोटे व्यवसायों की विविध वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है. साथ ही, खुदरा, एसएमई और डिजिटल बैंकिंग समाधानों का एक व्यापक समूह प्रदान करना है.

## बिंगो पोटैटो चिप्स ने नए कैंपेन में खुद को किया रोस्ट

इंदौर. कितने ब्रांड्स हैं जो आईने में देखकर अपनी नाकामियों पर हंस सकते हैं और फिर चैंपियंस की तरह उभर सकते हैं? बिंगो! पोटैटो चिप्स ने ये कमाल कर दिखाया है. ब्रांड अपने अब तक के सबसे बेबाक चैप्टर में कदम रख रहा है, जिसकी शुरुआत होती है एक 'सेल्फ-रोस्ट' से, जिसे बेहद अनोखे कैंपेन के रूप में तैयार किया गया है.

# देवउठनी एकादशी पर रही उल्लास की छटा

### मंदिरों में भजन, कीर्तन और आरती की स्वर लहरियां गूंजी, दीपमालाओं से जगमाया सारा शहर





**बड़वानी,** देवउठनी एकादशी के पावन पर्व के अवसर पर शहर भक्ति और आनंद के रंगों में डूबा नजर आया। शनिवार को शाम ढलते ही सारा शहर दीपमालाओं से जगमगाने लगा। घर-घर में तुलसी-सालिग्राम विवाह की तैयारियां हुई और मंदिरों में भजन, कीर्तन व आरती की स्वर लहरियां गुंजने लगी। हर ओर श्रद्धा और आस्था का माहौल छा गया।

इस अवसर पर सम्पूर्ण शहर में देवउठनी एकादशी की धूम रही। मंदिरों में तुलसी विवाह के आयोजन सम्पन्न हुए, भक्तों ने गन्ने, मिठाई और पूजा सामग्री की खरीदारी की। बाजारों में दिनभर रौनक बनी रही। शाम होते-होते बच्चे और युवाओं ने दीप जलाकर और आतिशबाजी कर दीपोत्सव का आनंद लिया। देवउठनी एकादशी को देव दिवाली भी कहा जाता है, इस दिन भगवान विष्णु चार महीने के योगनिद्रा से जागते हैं। इसी के साथ शुभ कार्यों की शुरुआत का काल माना जाता है।

इस अवसर पर शहर की सांईनाथ कॉलोनी निवासी पार्षद सचिन शर्मा के निवास पर विशेष धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ। यहां भगवान श्रीकृष्ण और तुलसी का विवाह पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। परिवार के सदस्यों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की। तुलसी विवाह की तैयारियां सचिन शर्मा के पुत्र अंश शर्मा ने की, उन्होंने पूरे आयोजन को बड़े ही सुंदर और पारंपरिक ढंग से सजाया। घर को फूलों और दीपों से सजाकर विवाह का शुभ मंडप बनाया। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रों के साथ तुलसी और सालिग्राम का विवाह संपन्न हुआ। महिलाओं ने मंगल गीत गाए, आरती उतारी और भगवान विष्णु से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर परिवार के साथ स्थानीय श्रद्धालु भी शामिल हुए। सचिन शर्मा ने बताया कि देवउठनी एकादशी भगवान विष्णु के जागरण का दिन होता है। यह पर्व हर वर्ष हमें धर्म, कर्तव्य और आस्था की याद दिलाता है। तुलसी विवाह आयोजन से घर में सकारात्मक ऊर्जा और शांति का वातावरण बनता है।

**रंगों में डूबा शहर**

- **देवउठनी एकादशी पर सम्पन्न हुए अनुष्ठान। भक्ति व आनंद के रंगों में डूबा नज़र आया शहर।**

## स्क्रीनिंग के लिए लगेंगे विशेष शिविर

**बड़वानी।** मप्र उच्च न्यायालय में गठित किशोर न्याय समिति की अनुशंसा के परिपालन में कलेक्टर जयति सिंह ने 0 से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग के लिए विशेष शिविरों का आयोजन करने के लिए आदेश जारी किया है। सामाजिक न्याय विभाग सहायक संचालक रोनक सोलंकी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सुबह 10 बजे से शिविर लगाए जाएंगे। जिनमें दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग कर जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाए जाएंगे। 3 को चाचरिया, 4 को धनोरा, 6 को बापदड, 8 को झोपाली, 10 को जुलवानिया, 11 को ओझर, 12 को नागलवाड़ी, 13 को उपला तथा 14 नवम्बर को इन्द्रपुर में शिविर लगेंगे।

## आर्यिका मां विकुंदन श्री ससंघ का हुआ मंगल बिहार

**बड़वानी, (नवभारत)।** शहर में विगत 4 माह से चातुर्मास में विराजित राष्ट्र संत गणाचार्य विराग सागर महाराज की शिष्या श्रमणि विदुषी आर्यिका मां विकुंदन माता और संघस्थ क्षुल्लिका विश्व रत्न माता का रविवार को धार जिले के गंधवानी की ओर मंगल बिहार हुआ। पुज्य माता ने जैन समाज के श्रावकों व श्राविकाओं को धर्म की कई बारीक और जीवन उत्थान की छोटी-छोटी बातें सिखाई और समझाई। साथ ही अपने वात्सल्य मई आशीर्वाद से पूरे समाज को सम्मोहित कर धर्म की राह पर लगाने का पूर्ण प्रयास किया।

माता के मंगल बिहार पर समाजजनों ने आंसुओं से मंगल विदाई दी। माता के प्रति सभी को इतना अनुराग और मोह हो गया था कि उन्हें छोड़ने का किसी का मन



**एक नजर में** — पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव, घटना की जांच में जुटी पुलिस

## सड़क हादसे में एक की मौत, दो गंभीर घायल





**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल, 03 नवम्बर**

थाना क्षेत्र के जलगोन रोड़ पर हुए सड़क हादसे में एक की मौत हो गई है तथा पिता पुत्र गंभीर घायल हुए हैं। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रैफर किया है।

रविवार सीएचसी से प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को हुए सड़क हादसे में 45 वर्षीय नरसिंह एकला निवासी महुलीयापानी की गंभीर घायल होने से मौत हो गई। वहीं हादसे में गोंगवाडा के इंदरसिंह मकड़ियां 41 वर्ष और गौरव पिता इंदरसिंह उम्र 6 वर्ष को गंभीर चोटें आई है। जिनका प्राथमिक उपचार सीएचसी पानसेमल में डॉक्टर लालू झिल्ले ने स्टॉफ के साथ किया तथा उनकी स्थिति देखते हुए हायर सेंटर रैफर किया है। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया।

मोटरसाइकिलों की भिड़ंत होने से दुर्घटना होना बताया गया है। मौके पर एफआरवी वाहन पहुंचा था। वहीं पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाएं और बढ़ता हुआ मौत का आंकड़ा चिंता का विषय बना है।

वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का पालन करते हुए सावधानी और सुरक्षा से वाहन चलाने की अपील थाना प्रभारी मंशाराम वगेन द्वारा की गई है।

**एक की मौत 2 घायल**

सड़क हादसे में नरसिंह एकला निवासी महुलीयापानी की मौत हो गई। गोंगवाडा के इंदरसिंह मकड़ियां 41 वर्ष और गौरव पिता इंदरसिंह उम्र 6 वर्ष को गंभीर चोटें आई है।



## सेवानिवृत्त ओम अटवाल का महापौर ने किया सम्मान

**इंदौर.** महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा आज नगर निगम मुख्यालय स्थित महापौर सभाकक्ष में निगम सेवा में रहते हुए उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण भाव से सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया.इस अवसर पर महापौर श्री भार्गव ने जॉन क्रमांक 2 में सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ ओम अठवाल को प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके वर्षों के परिश्रम और नगर सेवा के प्रति समर्पण के लिए शुभकामनाएं दीं.

## प्रतिभाशाली व्यक्तियों व विद्यार्थियों का किया सम्मान

- मेड़तवाल समाज ने किया अन्नकूट का आयोजन



**इंदौर. मेडतवाल समाज की कुलदेवी मां फलोदी के निमित्त भव्य अन्नकूट का आयोजन बाबाश्री गार्डन में आयोजित किया गया. समाज के हजारों लोगों ने फलोदी माताजी के दिव्य श्रृंगार, फूल बंगला और 56 भोग के दर्शनों का लाभ लिया.**


समाज अध्यक्ष शक्तिनाथ गुप्ता ने विगत एक वर्ष की उपलब्धियों से समाज को अवगत कराया. इस अवसर पर समाज के विशिष्ट विद्यार्थियों, प्रतिभावान युवाओं और युवा इंटरप्रिन्योर का अभिनंदन किया गया जिन्होंने सीए, आईआईटी, आईआईएम, डॉक्टर और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में और उद्यमिता में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं का अभिनंदन किया गया. समाज के प्रबुद्ध वरिष्ठजन श्रीनाथ गुप्ता सह कार्यवाह मालवा प्रांत आरएसएस, पुरूषोतम गुप्ता व्यवस्था प्रमुख आरएसएस मालवा प्रांत, मोहनलाल गुप्ता, गोघटपुर वाले, जगदीशचंद्र सर्राफ, जगदीशचंद गुप्ता, लक्ष्मीनारायण मेड़तवाल, गिरीश मेडतवाल, रामनारायण गुप्ता, सुनील गुप्ता, सागर भगत का मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, समाजसेवी जगदीश गोयल, एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान ने किया. समाज सचिव लक्ष्मीनारायण मेडतवाल ने उल्लेख किया कि समाज की मातृशक्ति द्वारा नि:शुल्क अद्भुत संस्कृतिक भजन तंबोला का आयोजन किया गया जिसमें मातृ शक्ति द्वारा स्वयं ही भजनों के मुखड़ों का गायन किया. पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय भी भजन गाने से खुद को रोक नहीं पाए हजारों की संख्या में महिलाओं पुरुषों ने इस अनूठे आयोजन का लाभ लिया. समाज के बाल युवा कलाकारों ने अपनी गायन, वादन और नृत्य से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया. आभार सह सचिव मनीष मेडतवाल ने माना.

**एक नजर में** — देवउठनी एकादशी पर शालिग्राम- तुलसी विवाह का दिव्य आयोजन

# दूल्हे विष्णुजी की निकली बारात, गन्ने के मंडप में हुआ कन्यादान

### आतिशबाजी और भजनों के बीच हुआ लग्न

**इंदौर. देवउठनी एकादशी पर शालिग्राम- तुलसी विवाह का आयोजन हुआ. इसके पूर्व दूल्हे विष्णुजी की निकली बारात, गन्ने के मंडप में कन्यादान हुआ.**



आतिशबाजी और भजनों के बीच लग्न हुए. इसी के साथ मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो गई. शहर में विभिन्न मंदिरों और मठों में आयोजन किए गए. विद्याधाम पर देवउठनी एकादशी के उपलक्ष्य में शनिवार को गोधूलि बेला में तुलसी और भगवान शालिग्राम का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ. इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में भगवान विष्णु को दूल्हे के रूप में श्रृंगारित कर आश्रम परिसर में रथ-बग्घी तथा बारातियों सहित चल समारोह निकाला गया. तुलसी को भी दुल्हन के रूप में सजा कर गन्ने एवं चुनरी के मंडप में विराजित कर कन्यादान किया गया। सैकड़ों श्रद्धालु इस विवाह के साक्षी बने। सम्पूर्ण मंदिर परिसर आज विद्युत एवं पुष्प सज्जा से आलोकित बना रहा. आश्रम परिवार के सुरेश शहारा, पं. दिनेश शर्मा, राजेन्द्र महाजन, रमेश पसारी, रमेशचंद्र राठौर, संजय पंडित, सुरेश शर्मा, चंदन तिवारी, सुश्री उमा शुक्ला सहित स्वामी गिरिजानंद सरस्वती वेद वेदांग विद्यापीठ के वेदपाठी छात्र भी बारात में शामिल हुए. महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने मस्तक पर लड्डू गोपाल को एक बड़े थाल में विराजित कर सुसज्जित शोभायात्रा के रूप में निकाला. इस बीच रंगारंग आतिशबाजी और भजनों की मनोहारी स्वर लहरियों पर मेहमान नाचते-गाते रहे. भगवान शालिग्राम एवं तुलसी के विवाह की रस्म आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में 11 विद्वानों ने संपन्न कराई। स्वामी गिरिजानंद सरस्वती वेद वेदांग विद्यापीठ के वेदपाठी बटुकों द्वारा वैदिक मंगलाचरण के बीच विवाह संपन्न होते ही सम्पूर्ण परिसर जयघोष से गूंज उठा. शहर के अनेक विद्वानों ने भी शालिग्राम मंदिर आकर पूजा-अर्चना की.

**गोधूलि बेला में हुए तुलसी माता के सात फेरे**



अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र एवं वरुण विक्ट्री रहवासी संघ के तत्वावधान में शनिवार को तुलसी विवाह में दूल्हे शालिग्राम की बारात भी निकली और बैंड बाजों पर मनोहारी भजनों की गूंज के बीच बारातियों ने नाचते-गाते हुए अपनी खुशियाँ भी व्यक्त की. दोपहर में वर-निकासी का बाना पूजा पूजा-पीयूष सिंघल के निवास से प्रारंभ होकर पद्मा-राजेश गुप्ता के यहाँ पहुंचा, जहाँ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने तुलसी शालिग्राम विवाह का साक्षी बनकर भारतीय परम्परा के अनुरूप गोधूलि बेला में सात फेरे भी कराए। वरुण-नताशा बागड़ी सहित अनेक भक्तों ने मार्ग में बरात का स्वागत भी किया. संगठन के संस्थापक अरविन्द बागड़ी ने बताया कि वरुण विक्ट्री परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र पालदा से जुड़े 560 परिवारों के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ सज-धजकर बराती और घराती बनकर इस उत्सव में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। मुख्य रूप से मनीष अग्रवाल मन्नू, विकास मित्तल, नारायण एरन, सतीश गोयल हरसूद, राजा पुरोहित, राजेंद्र गुप्ता रेलवे, मनीष अग्रवाल ताप्ती, निखार बंसल, मोहन गर्ग, अशोक राय सहित 250 से अधिक महिलाओं के अलावा बड़ी संख्या में समाज बंधु शामिल हुए.